<u>व्याकरण (कार्य पत्र)</u>

निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. सांकेतिक भाषा के उदाहरण नहीं हैं
    A) ब्रेल लिपि
    B) यातायात संकेत
    C) मूक अभिनय
    D) नाटक
2. विश्व में लगभग कितनी भाषाएं बोली जाती हैं?
    A) पचास हज़ार
    B) पैंसठ हज़ार
    C) सत्तर हज़ार
    D) अस्सी हज़ार
3. संयुक्त व्यंजन के उदाहरण नहीं हैं –
    A) भिक्षा
    B) पत्ता
    C) श्रमिक
    D) संज्ञा
4. इनमें से तद्भव शब्द का उदाहरण है –
    A) लोटा
    B) कान
    C) ग्राम
    D) पगड़ी
5. “गौशाला” शब्द उदाहरण है –
    A) रूढ़ शब्द
    B) विकारी शब्द
    C) यौगिक शब्द
    D) योगरूढ़ शब्द
6. “मच्छर” उदाहरण है –
    A) व्यक्तिवाचक संज्ञा
    B) जातिवाचक संज्ञा
    C) भाववाचक संज्ञा
    D) द्रव्यवाचक संज्ञा
7. “महानता” शब्द उदाहरण है –
    A) व्यक्तिवाचक संज्ञा
    B) जातिवाचक संज्ञा
    C) समूहवाचक संज्ञा
    D) भाववाचक संज्ञा
8. “राजपूत” शब्द का स्त्रीलिंग है –
    A) राजपूतनी
    B) राजपूनी
    C) राजपूतानी
    D) राजपुत्री

9. “बिजली” शब्द का सही बहुवचन रूप है
   A) बिजलियां
   B) बिजलिए
   C) बीज
   D) बिजलीया
10. “मीना के भाई की मेहनत रंग लाई”। कारक का उदाहरण है।
   A) अपादान कारक
   B) अधिकरण कारक
   C) संप्रदान कारक
   D) कर्म कारक
11. “तुम सेब खा लो”। यह सर्वनाम के किस भेद का उदाहरण है?
   A) निश्चयवाचक सर्वनाम
   B) निजवाचक सर्वनाम
   C) पुरुषवाचक सर्वनाम
   D) प्रश्नवाचक सर्वनाम
12. “अबला” शब्द का सही पर्यायवाची शब्द है –
   A) रिपु
   B) जननी
   C) शशि
   D) महिला
13. “अम्बर” शब्द का सही अनेकार्थी शब्द है।
   A) रंग
   B) रत्न
   C) वस्त्र
   D) बड़ा
14. कथन – “रोहित छत पर पतंग उड़ा रहा है”। यह कारक का उदाहरण है।
    कारण – यह अपादान कारक है।
   A) कथन और कारण दोनों सही है।
   B) कथन और कारण दोनों गलत है।
   C) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।
   D) कारण सही है, किंतु कथन गलत है।
15. कथन – जिसकी लाठी उसकी भैंस। यह सर्वनाम का उदाहरण है।
    कारण – यह संबंधवाचक सर्वनाम है।
   A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।
   B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।
   C) कथन कारण दोनों सही हैं।
   D) कारण सही है  किंतु कथन गलत है।